भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
न्याय विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2396
जिसका उत्तर शुक्रवार, 13 फरवरी, 2026 को दिया जाना है

गुजरात में विशेष फास्ट ट्रैक न्यायालय

†2396. श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेल :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बलात्कार और पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत अपराधों से संबंधित मामलों के लिए गुजरात में कार्यशील विशेष फास्ट ट्रैक न्यायालयों (एफटीएससी) की जिला-वार संख्या कितनी है ;

(ख) वलसाड जिले में इन विशेष फास्ट ट्रैक न्यायालयों में कितने मामले लंबित पड़े हुए हैं ; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान गुजरात में विशेष फास्ट ट्रैक न्यायालयों द्वारा मामलों के निपटान की वर्ष-वार दर कितनी है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और
संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क) : गुजरात उच्च न्यायालय से प्राप्त सूचना के अनुसार, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 के अधीन बलात्संग और अपराधों से संबंधित मामलों के निपटान के लिए राज्य में 54 त्वरित निपटान विशेष न्यायालय (एफटीएससी) कार्य कर रहे हैं। इनमें से 24 अनन्य पॉक्सो (ई-पॉक्सो) न्यायालयों सहित 35 एफटीएससी केन्द्र प्रायोजित स्कीम के अधीन त्वरित निपटान विशेष न्यायालयों की स्थापना के लिए कार्य कर रहे हैं। गुजरात में कार्यात्मक एफटीएससी के जिला-वार ब्यौरे **उपाबंध-1** पर स्थित हैं।

(ख) : गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, 31.12.2025 तक वलसाड जिले में पॉक्सो अधिनियम के अधीन 81 मामले लंबित हैं।

(ग) : गुजरात उच्च न्यायालय से प्राप्त सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्ष के दौरान राज्य में त्वरित निपटान विशेष न्यायालयों द्वारा बलात्संग और पॉक्सो मामलों का वर्ष-वार निपटान निम्नानुसार है:

वर्ष	**निपटाए गए मामलों की संख्या**
2023	3493
2024	3562
2025	3494

****

उपाबंध-1

पॉक्सो अधिनियम के अधीन बलात्संग और अपराधों से संबंधित मामलों के लिए गुजरात में कार्यरत त्वरित निपटान विशेष न्यायालयों (एफटीएससी) की जिला-वार संख्या

क्र. सं.	जिले	पॉक्सो अधिनियम के मामलों के लिए अनन्य/समर्पित न्यायालयों की सं.	पॉक्सो अधिनियम के मामलों के साथ-साथ बलात्संग के मामलों की मुख्य रूप से सुनवाई करने के लिए एफटीएससी की सं.
1.	अहमदाबाद (ग्रामीण)	2	1
2.	आनंद	2	1
3.	मोडसा में अरावली	1	0
4.	पालनपुर में बनासकांठा	2 (डेसा में 01 सहित)	0
5.	बोटाद	1	0
6.	भरूच	1	0
7.	भावनगर	2 (महुवा में 01 सहित)	1
8.	छोटा उदयपुर	1	0
9.	दाहोद	2 (लिमखेड़ा में 01 सहित)	0
10.	गांधीनगर	1	0
11.	जामनगर	1	0
12.	भुज में कच्छ	1	0
13.	नडियाद में खेड़ा	1	0
14.	मेहसाणा	2 (विसनगर में 01 सहित)	1
15.	मोरबी	1	0
16.	नवसारी	1	0
17.	गोधरा में पंचमहल	2 (हलोल में 01 सहित)	0
18.	पाटन	1	0
19.	पोरबंदर	1	0
20.	राजकोट	2 (गोंडल में 01 सहित)	1
21.	हिम्मतनगर में साबरकांठा	2 (इदर में 01 सहित)	0
22.	सूरत	4	2
23.	सुरेंद्रनगर	1	1
24.	वडोदरा	2	1
25.	वलसाड	1 (वापी में)	0
26.	नगर सिविल न्यायालय, अहमदाबाद	5	2
	कुल	**43**	**11**

****